सेंट्रल वेयर हाउस 25 करोड़ से बनकर तैयार, कल होगा लोकार्पण

गीडा के सेक्टर 26 में सेंट्रल वेयर हाउस का किया गया है निर्माण

जागरण संवाददाता, सहजनवां (गोरखपुर) : शासन की तरफ से उद्योगों व उद्यमियों के विकास को लेकर लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उद्यमियों को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। गीडा सेक्टर 26 में 25 करोड़ रुपये की लागत से अब तक का सबसे बड़ा सेंट्रल वेयर हाउस बनकर तैयार हो गया है। 22 मार्च को केंद्रीय भण्डारण मंत्री प्रह्लाद जोशी इसका लोकार्पण करेंगे। भंडारण निगम ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। इसके बाद इस वेयर हाउस को उद्यमियों को आवंटित कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में उद्यमियों को मिल रही सुविधा के कारण अधिक संख्या में उद्यमी गीडा क्षेत्र में निवेश कर रहे हैं। इसके अलावा कई उद्यमी निवेश के लिए गीडा से भूमि के लिए कतार में खड़े हैं। फैक्ट्रियों को लगाने के साथ ही उत्पादित सामानों के रखने के लिए कोई वेयर हाउस नहीं होने से उन्हें दिक्कत हो रही थी। उद्यमियों की मांग पर केंद्रीय भंडारण निगम की तरफ से गीडा सेक्टर 26 में केंद्र सरकार ने 25 करोड़ रुपये की लागत से सेंट्रल वेयर हाउस का निर्माण कराया है। जो जिले का सबसे बड़ा वेयर हाउस है।

गीडा सेक्टर 26 में बनकर तैयार सेंट्रल वेयर हाउस● जागरण

सेंट्रल वेयर हाउस को तीन मंजिला बनाया गया है। इसमें ऊपर और नीचे आसानी से सामान रखे जा सकते हैं। केंद्रीय भंडारण निगम के मैनेजर मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि सेंट्रल वेयर हाउस बनकर तैयार हो गया है। जल्द ही इसे उद्यमियों को आवंटित कर दिया जाएगा। इसकी क्षमता 21 लाख 150 टन है। 22 मार्च को केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी इसका लोकार्पण करेंगे। सेंट्रल वेयर हाउस को संचालित करने लिए निशी और एडी इंटरप्राइजेज प्रा. लिमिटेड ने दावेदारी की है, लेकिन अभी तय नहीं किया गया है। लोकार्पण के बाद संचालन की जिम्मेदारी तय होगी।